अमर उजाला नई दिल्ली | बुधवार, 29 मई 2019

विकास

यीडा की कल प्रस्तावित बोर्ड बैठक में एजेंडा

एयरपोर्ट से उड़ान के साथ ही दौड़ेगी मेट्रो

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान के साथ ही ग्रेटर नोएडा से जेवर तक की मेट्रो भी दौड़ने लगेगी। इस रूट पर सामान्य और एक्सप्रेस लाइनें एक साथ बनेंगी।

यीडा की बृहस्पतिवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में मेट्रो के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। नॉलेज पार्क टू से एयरपोर्ट टर्मिनल तक मेट्रो का प्रस्ताव है। इसकी डीपीआर तैयार हो चुकी है। 30 मई को यीडा की प्रस्तावित बोर्ड बैठक में इस एजेंडे को शामिल किया गया है। वहां से मंजूरी मिलते ही इसे शासन को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। डीपीआर के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट मौजूदा नोएडा-ग्रेनो मेट्रो के नॉलेज पार्क टू स्टेशन से जुड़ेगा। यहां से एयरपोर्ट टर्मिनल तक मेट्रो की लंबाई 35.64 किलोमीटर होगी। इसमें 32.27 किलोमीटर एलिवेटेड और 3.37 किलोमीटर भूमिगत होगी। नॉलेज पार्क टू से नंगला हुकुमसिंह गांव तक एलिवेटेड और वहां से एयरपोर्ट टर्मिनल तक भूमिगत होगी। इस रूट पर 25 स्टेशन होंगे। इस रूट पर इसी साल काम शुरू हो जाता है तो 5708 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

देरी हुई तो 6969 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस लाइन पर ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क दो, सेक्टर चाई वन, चाई टू, चाई थ्री, सेक्टर चाई फोर, जीबीयू, नाइट सफारी, मुर्शदपुर, यीडा के सेक्टर 26ए, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, सेक्टर 17ए, स्पोर्ट्स सिटी, सेक्टर 22ए, 22 बी, सेक्टर 18 एक व टू, सेक्टर 22 सी, सेक्टर 19, सेक्टर 20, सेक्टर 21, सेक्टर 28, सेक्टर 29, नंगला हुकुम सिंह व एयरपोर्ट टर्मिनल स्टेशन होंगे।

मंत्रालय को भेजा एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव

ग्रेटर नोएडा। प्रदेश सरकार ने आईजीआई से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव शहरी विकास मंत्रालय को भेजा है, ताकि दोनों एयरपोर्ट की सीधी कनेक्टीविटी हो सके और यात्री आसानी से दिल्ली से नोएडा एयरपोर्ट तक आ सकें। इसके अलावा एनसीआर व पश्चिमी यूपी के अन्य शहरों को जोड़ने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे को भी जोड़ा जाएगा। इस पर जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है। यमुना एक्सप्रेसवे के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज न होने से ये अभी नहीं जुड़े हैं। जगनपुर-अफजलपुर के पास यमुना एक्सप्रेसवे के ऊपर से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे गुजर रहा है। इसी जगह इंटरचेंज बनाया जाएगा। इंटरचेंज बनाने पर 85 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें से एनएचएआई 68 करोड़ और यमुना प्राधिकरण 17 करोड़ रुपये देगा। ब्यूरो

रैपिड रेल के लिए आईजीआई पर सर्वे

नोएडा एयरपोर्ट को मेट्रो के साथ ही रैपिड रेल से भी जोड़ने का प्लान है। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के न्यू अशोक नगर स्टेशन से जेवर तक लाइन बनाई जाएगी। इसकी फिजबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी राइट्स को दी गई है। राइट्स की टीम दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों से सर्वे कर रही है। दिल्ली मेरठ रैपिड रेल की लंबाई करीब 90 किलोमीटर है। इसमें 16 स्टेशन बनेंगे। इसमें एक स्टेशन न्यू अशोक नगर भी होगा। इसी स्टेशन से जेवर तक रैपिड रेल चलाने की योजना बनाई जा रही है। इसकी फिजबिलिटी रिपोर्ट तैयार कराने के लिए यमुना प्राधिकरण ने राइट्स एजेंसी को जिम्मेदारी दी है।